आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 08.12.2025 समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि पर देहरादून में उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
- वन संरक्षण, गढ़वाल, आकाश कुमार वर्मा ने रूद्रप्रयाग में मानव वन्य जीव संघर्ष और सुरक्षात्मक उपायों को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक ली।
- नैनीताल जिले के रामनगर में कोसी नदी के किनारे अवैध बस्ती से अतिक्रमण हटाया गया। एनजीटी के निर्देश पर प्रशासन ने कार्रवाई की।
- हरिद्वार में नशा मुक्त अभियान के तहत बहुद्देश्य विधिक सेवा व जागरूकता शिविर का आयोजन।

श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के कनक चौक स्थित पार्क में देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जनरल रावत के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें उत्तराखंड और देश का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि जनरल बिपिन रावत का जीवन देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणादायक मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सैनिकों और नागरिकों के साथ दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शहीदों के सम्मान में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

वन विभाग बैठक

वन संरक्षण, गढ़वाल, आकाश कुमार वर्मा ने रूद्रप्रयाग में मानव वन्य जीव संघर्ष और सुरक्षात्मक उपायों को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक ली। समीक्षा में मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं, घटनास्थलों पर कार्मिकों की तैनाती, संसाधनों की उपलब्धता, आवश्यकता, जागरूकता और सुरक्षा के प्रति जन संवाद को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद वन संरक्षण, गढ़वाल ने बताया कि इन दिनों मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम के लिए दीर्घकालिक प्रभावी योजना बनाई जा रही है।

रुद्रप्रयाग के प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन ने बताया कि विभाग द्वारा आधुनिक उपकरणों की खरीद की जा रही है, जिससे जंगली जानवरों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सके। उन्होंने बताया कि आधुनिक उपकरणों के माध्यम से जंगली जानवरों की चहल कदमी को रियल–टाइम ट्रैक किया जा सकेगा, जिससे दुर्घटनाओं और हमलों में प्रभावी कमी लाने में सहायता मिलेगी।

आपदा मित्र प्रशिक्षण

देहरादून स्थित एसडीआरएफ वाहिनी में "युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम" का छठवें बैच का समापन हुआ। इस अवसर पर 68 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में युवाओं को दक्ष बनाकर समुदाय–सेवा में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान मे संचालित इस प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षु, नेहरू युवा केंद्र से चयनित युवा स्वयंसेवक थे।

अतिक्रमण

नैनीताल जिले की रामनगर पालिका क्षेत्र से सटी कोसी नदी के किनारे अवैध तरीके से बसाई गई पुछड़ी बस्ती में अतिक्रमण हटाया गया। यहां पर रिजर्व फॉरेस्ट की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। राष्ट्रीय हरित अधिकरण– एनजीटी के निर्देश पर कोसी नदी किनारे के अतिक्रमण को हटाने के लिए पिछले कई महीनों से कवायद की जा रही थी। तराई पश्चिमी वन प्रभाग की इस भूमि पर लंबे समय से लोग अवैध खेती कर

रहे थे। विभाग ने पहले भी इन कब्जों को चिह्नित किया था, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पहले चरण में नगर पालिका को दी गई ट्रंचिंग ग्राउंड की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने कहा कि आरक्षित वन भूमि पर बाहर से आए लोगों ने अवैध बसावट कर ली थी, जिन्हें वन विभाग हटा रहा है।

विधिक जागरुकता शिविर

उत्तराखंड राज्य सेवा विधिक प्राधिकरण नैनीताल और जिला सेवा विधिक प्राधिकरण हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में हरिद्वार में नशा मुक्त अभियान के तहत बहुद्देश्य विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुहनाथन नरेंद्र और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पूरे देश में नशीली दवाओं की चुनौतियों का पैमाना हाल के वर्षों में काफी बढ़ा है। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं से अपील की कि छात्रों के बीच जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम शुरू करें और ऐसी टीमें बनाए, जो समाज के बीच जागरूकता फैलाए। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि कानूनी सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाने, समाज में न्याय सुलभता स्थापित करने और नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने की जो पहल उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरंतर की जा रही है और यह शिविर उसी सतत प्रयास का एक और मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को सशक्त बनाना, कमज़ोर वर्गों को सहयोग देना और हर नागरिक को एक सुरक्षित, स्वस्थ और न्यायपूर्ण जीवन की ओर मार्गदर्शन प्रदान करना है।

दुग्ध संघ सम्मान

दुग्ध संघ लालकुआं, ऊधमसिंह नगर, चंपावत और नैनीताल के अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से 14 वर्ष बाद पदोन्नति मिलने पर राजधानी देहरादून में धन्यवाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुग्ध एवं डेयरी विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा को सम्मानित किया गया। श्री बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादक किसानों को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की समृद्धि और प्रदेश का सशक्तिकरण, सरकार का लक्ष्य है, जिसके लिए निरंतर सफल प्रयास किए जा रहे हैं।